




### एक नजर में



**वॉलीबॉल स्पर्धा में बुधनी के 14 खिलाड़ी जिले में आए प्रथम**

**नवभारत बुधनी.** लोक शिक्षण संचनालय द्वारा आयोजित जिला स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता 19 वर्ग आवासीय खेलकूद संस्थान में आयोजित की गई थी. प्रतियोगिता में डीडी कान्वेंट स्कूल के अंडर 19 वॉलीबॉल बालक-बालिका ने इछावर और सीहोर को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया. 14 छात्रों का संभाग स्तर पर चयन हुआ है. संभाग स्तरीय प्रतियोगिता 24 अगस्त को राजगढ़ में अयोजित की जाएगी. 14 वर्ग प्रतियोगिता 18 अगस्त को विदिशा में व 17 वर्ग प्रतियोगिता 3 सितंबर को रायसेन सिलवानी में अयोजित की जाएगी. खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर कोच आकश मसीह, विद्यालय संचालक जेके त्रिपाठी सहित विद्यालय परिवार ने शुभकामनाएं दी.



**मतदाता सूची के संबंध में राजनैतिक दलों के साथ हुई बैठक**

**नवभारत आष्टा.** मतदाता सूची के प्रकाशन के पूर्व मतदान केदों के युक्तियुक्तकरण के संबंध में राजनीतिक दलों के पदाधिकारी के साथ बैठक आयोजित की गई. बैठक में जानकारी दी गई कि विधानसभा क्षेत्र में कुल 35 नए मतदान केंद्र स्थापित किया जाना प्रस्तावित किए गए जिनमें से 33 मतदान केंद्र 1200 से अधिक मतदाता होने के कारण विभाजित कर नया केंद्र बनाया जाना है. दो मतदान केंद्र अधिक दूरी के कारण मतदाता सुविधा की दृष्टि से नवीन केंद्र प्रस्तावित किए गए हैं. विधानसभा क्षेत्र में वर्तमान में 340 मतदान केंद्र हैं. जो प्रस्तावित संशोधनों के अनुमोदन उपरांत 375 केंद्र हो जाएंगे. जनप्रतिनिधियों द्वारा दो मतदान केंद्रों के संबंध में आंशिक संशोधन प्रस्तुत किए गए हैं. परीक्षण उपरांत उचित कार्रवाई की जाएगी.



**तिरंगा अभियान को लेकर हुई रंगारंग गतिविधियां**

**नवभारत सीहोर.** पीएमश्री महाविद्यालय मेंहर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान के तहत गतिविधियां आयोजित की गई. प्राचार्य डॉ. रोहिताश्व कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में पोस्टर मैकिंग प्रतियोगिता, तिरंगा आधारित रंगोली प्रतियोगिता एवं रैली का आयोजन किया गया. तिरंगा आधारित सेल्फी पॉइंट भी स्थापित किया गया. परिणाम की घोषणा स्वतंत्रता दिवस पर की जाएगी. इस दौरान डॉ. सजन खत्री, डॉ. मौली थॉमस, श्याम कुमार, अनिल पिपलोदिया आदि मौजूद थे.

# त्यौहार की खुशियों पर छाया ग्रहण दो घरों के चिराग बुझने से मातम

## सीहोर और आष्टा में घटित दो सड़क हादसों में दो युवकों की मौत, तीन गंभीर घायल

- बीती रात हाईवे पर अनियंत्रित कार पलटी, एक की मौत
- शनिवार की दोपहर आष्टा क्षेत्र में अज्ञात वाहन ने कुचला

नवभारत न्यूज

**सीहोर. भाई- बहन के स्नेह पर्व रक्षाबंधन पर दो बहनें अब अपने भाई को कभी राखी नहीं बांध सकेंगी. बीती रात स्टेट हाईवे स्थित नपा के ट्रंचिंग ग्राउंड के समीप एक कार के अनियंत्रित होकर पलट जाने से उसमें सवार एक युवक की मौत हो गई तथा तीन गंभीर घायल हो गए. दूसरी घटना आष्टा तहसील मुख्यालय पर घटित हुई. बाइक से जा रहे युवक को अज्ञात वाहन ने रौंद डाला जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई.**

जिले में हादसों का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है. अब फिर से दो जगह हुए दो हादसों में दो की मौत हो गई, जबकि तीन घायल हैं. पहला हादसा शुक्रवार रात 9.30 बजे भोपाल-इंदौर हाईवे बायपास स्थित सीहोर नगर पालिका के ट्रेंचिंग ग्राउंड के पास हुआ, जहां एक कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई. कार सवार एक युवक की मौत हो गई, वही तीन घायल हो गए। शनिवार दोपहर एक बजे आष्टा पार्वती थाना क्षेत्र के मॉर्डन डेयरी के पास हुए दूसरे हादसे में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार व्यक्ति की जान चली गई. रक्षाबंधन पर दो भाईयों की हुई मौत से बहनों पर दुख का पहाड़ टूट पड़ा. वह बिलखते हुए एक ही बात दोहरा रही कि भैया हमें छोड़कर क्यूं चले गए, अब हम किसकी कलाई पर राखी बांधेंगी.



**सीहोर.** हादसे के दौरान तेज रफ्तार कार पलटने से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थी.

कोतवाली पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार सीहोर के कस्बा निवासी रोहित पिता स्व. राजू यादव अपने साथी मयंक श्रीवास्तव, समीर खांआ. नईम और गौरव आ. दिलीपसिंह के साथ भोपाल-इंदौर हाईवे पर शुक्रवार रात को कार में सवार होकर जा रहा था. बताया जाता है कि कार गौरव की थी और वो ही ड्राईव कर रहा था. सीहोर के बायपास ट्रंचिंग ग्राउंड के पास कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई और पलटी खाते हुए सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई. गई.इस हादसे में रोहित यादव की मौत हो गई, जबकि मयंक, समीर, गौरव घायल हो गए, जिनको इलाज के लिए शासकीय जिला अस्पताल में भर्ती कराया है.

इसी तरह एक अन्य सड़क हादसा आष्टा तहसील मुख्यालय पर हुआ. पुलिस के अनुसार खड़ी निवासी 30 वर्षीय शिशुपाल पिता रमेशसिंह शनिवार को बाइक से जा रहा था. भोपाल-इंदौर हाईवे मॉर्डन डेयरी के पास दोपहर एक बजे के करीब अज्ञात वाहन चालक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी. टक्कर इतनी तेज थी कि शिशुपाल की मौके पर मौत हो गई. स्थानीय लोगों ने पुलिस को इसकी सूचना दी. पुलिस के मौके पर पहुंचने के बाद शव को पीएम के लिए अस्पताल भिजवाया गया. पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है.



## टेंट हाउस के गोदाम में लगी भीषण आग

- शनिवार की तड़के ग्राम शाहपुर कोड़िया में हुई आगजनी
- पीड़िता का कहना, पांच लाख से अधिक का सामान जला

नवभारत न्यूज

**सीहोर.** थाना मंडी अंतर्गत आने वाले ग्राम शाहपुर कोड़िया में शनिवार की सुबह अज्ञात कारणों से लगी आग से टेट हाउस के गोदाम में रखा लाखों रुपए का सामान स्वाहा हो गया. सूचना मिलने पर पहुंची दमकल की मदद से आग पर काबू पाया जा सका. पीड़ित दुकानदार द्वारा आगजनी का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है. मंडी पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आगजनी के कारणों की जांच शुरू कर दी है.

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मंडी थाना क्षेत्र के ग्राम शाहपुर कोड़िया निवासी रमेश परमार का गांव में टेट हाउस है. समीप के एक गोदाम में टेंट का सामान रखा रहता है. बताया जाता है रविवार की तड़के लगभग पांच बजे गोदाम से काला घना धुआं उठता देख ग्रामीणों ने रमेश परमार को सूचना दी. तब तक आग की लपटें भी बाहर झांकने लगी थीं. इस दौरान फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई. मुख्यालय से पहुंची दमकल चालक आरिफ खान और फायरमैन कमरुद्दीन ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक लाखों रुपए का सामान जलकर खाक हो गया था. पीड़ित की मानें तो इस आगजनी में पांच लाख रुपए का सामान रजाई- गद्दे, प्लास्टिक की कुर्सिंया, पर्दे, शामियाने सहित अन्य सामान आग की लपटों की भेंट चढ़ गया. इस कांड के दौरान गनीमत यह रही कि आग लगने की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में गांव के युवा मौके पर पहुंच गए थे और आग बुझाने के जतन शुरू हो गए थे, अन्यथा आग विकराल रूप धारण करके पास की दुकान को भी लपेटे में ले सकती थी. युवाओं ने दमकल कर्मियों का सहयोग करते हुए आग बुझाने में मदद की. आग पर लगभग आधे घंटे की मशक्कत के बाद काबू पा लिया गया था.

## सर्पदंश से मासूम बच्ची की दुखद मौत

**आष्टा.** उस मासूम को क्या मालूम था कि आज की रात उसकी आखिरी रात होगी. वह सुबह रक्षाबंधन का त्योहार नहीं मना पाएगी. त्योहार के दिन मासूम की मौत से पूरे गांव में सन्नाटा छा गया. जानकारी के अनुसारपार्वती थाना अन्तर्गत ग्राम बांद्रियाहाट निवासी जीवन सिंह सोलंकी की 6 वर्षीय वेदिका रात को जब अपने बिस्तर पर गहरी नींद में सो रही थी. तभी रात में एक सांप ने वेदिका को काट लिया. बताया जाता है कि सांप के काटने के बाद जब वेदिका की हालत बिगड़ने लगी तो परिजनों उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर आए जहां डॉक्टरों ने बालिका को मृत घोषित कर दिया. पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया.

# भाई के भाल पर तिलक लगाकर राखी से सजाई कलाई

- जिले भर में उत्साह से मनाया गया भाई- बहन का स्नेहपर्व
- बसों व ट्रेन में दिखी महिला यात्रियों की भारी भीड़

नवभारत न्यूज

**बुधनी.** नगर में रक्षाबंधन पर्व शनिवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का यह त्योहार लोगों के चेहरों पर मुस्कान लाता रहा.

शनिवार सुबह से ही बहनों ने राखी और पूजन सामग्री की थालियां सजाना शुरू कर दी थी. थालियों में रोली, कुमकुम, अक्षत, दीपक और आकर्षक राखियां रखी गई. निर्धारित मुहूर्त में बहनों ने भाइयों को तिलक लगाया. उनके हाथ पर राखी बांधी और आरती उतारी. मिठाई खिलाकर उन्होंने भाइयों की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना की. भाइयों ने भी बहनों को रक्षा का संकल्प दिया व उपहार भी भेंट किए. बाजारों में भी रक्षाबंधन का रंग जमकर बिखरा. मिठाई, उपहारकी दुकानों पर सुबह से ही खरीदारों की भीड़ उमड़ पड़ी. बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी इस पर्व की रौनक में डूबे नजर आए. जगह-जगह परिवारों के बीच मिलन का दौर चलता रहा.

कई परिवारों में दूर-दराज रहने वाले भाई-बहन इस खास दिन के लिए घर लौटे. इससे मिलन का माहौल और भी खुशनुमा बन गया. रक्षाबंधन ने एक बार फिर भाई-बहन के पवित्र रिश्ते में स्नेह और विश्वास की डोर को मजबूत किया.



**भाइयों की दीर्घायु होने की कामना के साथ बांधी राखी**

**आष्टा.** रक्षाबंधन के पूर्व से लेकर रक्षासूत्र बांधने तक बाजारों में जहां बड़ी तादाद में भीड़ दिखाई दी. वहीं सड़कों पर बसें भी सवारी से लदी सड़क पर दौड़ती नजर आई. रक्षाबंधन के पावन अवसर पर राखी बंधवाने के बाद भाइयों ने भी बहनों को विभिन्न तरह के उपहार दिए. छोटे बच्चों से लेकर बड़ों में इस पर्व के चलते काफी उत्साह देखने को मिला. आज भुजरिया का त्योहार उत्साह के साथ मनाया जाएगा.

## गुजराती के जन्मदिन पर मटकी फोड़ स्पर्धा

**सीहोर.** भगवान श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य पर राजीव गुजराती मित्रमण्डली द्वारा 12 अगस्त को जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजीव गुजराती के जन्मदिन के उपलक्ष्य में बाल विहार ग्राउण्ड में सांय 4 बजे भव्य मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा. जिसमें प्रदेश भर से टीमें भाग लेंगी. मण्डली द्वारा विजेता टीम को नगद 51 हजार रुपए के पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा. मित्रमण्डली द्वारा शहर के प्रमुख स्थानों पर श्री गुजराती का जन्मदिन मनाया जाएगा. 12 अगस्त को प्रात: काल राजीव गुजराती द्वारा भगवान श्री चिन्तामन गणेश मंदिर, खड़े हनुमान मंदिर आदि पर पहुंचकर भगवान का आशीर्वाद लेंगे.

# मामूली विवाद में पिता-पुत्री पर जानलेवा हमला

नवभारत न्यूज

**इछावर.** आगे चल रही बाइक के चालक से साईड मांगना पिता- पुत्री को इतना भारी पड़ गया कि आरोपियों ने दोनों के साथ बेदर्दी से मारपीट करते हुए उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया. दोनों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

पुलिस के बताए अनुसारपीड़ित कल्लू बामनिया का बेटा खेत से बाइक पर लौट रहा था. रास्ते में उसकी मुलाकात कैलाश से हुई, वो भी बाइक पर सवार था. कल्लू के बेटे ने कैलाश से सड़क किनारे से निकलने के लिए थोड़ी जगह मांगी, जिस पर कैलाश भड़क गया. इसके बाद कैलाश अपने दो बेटों रवि और सीताराम के कल्लू के घर पहुंच गया.तीनों आरोपियों ने कल्लू और उनकी 12 वर्षीय बेटी अनन्या पर डंडों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया. हमले में पिता-बेटी दोनों बुरी तरह घायल हो गए. बच्ची की स्थिति गंभीर होने के कारण उसे जिला अस्पताल रेफर करना पड़ा. इछावर थाना प्रभारी का कहना है कि प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश प्रारंभ कर दी गई है.



## सड़क हादसे में घायल युवकों की जान बचाई

**सीहोर.** गत दिवस योगेश मालवीय ग्राम मैना एवं हरिओम विश्वकर्मा ग्राम हकीमाबाद निवासी, दोनों की मोटरसाइकिल आपस में हकीमाबाद घाटी पर टकराई. जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए व सडक् किनारे खून से लथपथ हालत थे. उस दौरान मार्ग से गुजर रहे ग्राम कोठरी निवासी राधेश्याम बामनिया ने तुरंत अपनी कार से उन्हें आष्टा के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया और उनके परिजनों को सूचना भी दी. ज्ञातव्य है कि राधेश्याम बामनिया कई वर्षों से जनसेवा का काम कर रहे हैं. पूर्व में भी उन्होंने रोड एक्सीडेंट में अनेक लोगों की जान बचाई है.

# नर्मदा में स्नान करने डूबे बुजुर्ग का शव दो घंटे बाद बरामद

- भोपाल से साथी के साथ बुधनी आए थे बुजुर्ग
- एसडीआरएफ ने दो घंटे तक रेस्क्यू चलाकर शव तलाशा

नवभारत न्यूज

**बुधनी.** थाना अंतर्गत बुधनी घाट पर शनिवार को दोपहर में नर्मदा नदी में स्नान के दौरान गहरे पानी में चले जाने से बुजुर्ग की डूबकर मौत हो गई.

सूचना मिलने के बाद एसडीएम, एसडीओपी व तहसीलदार पहुंचे और डूबे हुए व्यक्ति की गोताखोरों के माध्यम से तलाश शुरू की. पड़ोसी जिले नर्मदापुरम से एसडीआरएफ टीम को बुलाया गया. एसडीआरएफ टीम ने रेस्क्यु ऑपरेशन चलाया काफी मशक्कत के बाद टीम द्वारा बुजुर्ग के शव को पानी से बाहर निकाला गया. इस दौरान एसडीएम डीएस तोमर, एसडीओपी रवि शर्मा, तहसीलदार ललित सोनी, थाना प्रभारी चैन सिंह रघुवंशी मौजूद थे.

एसडीआरएफ टीम द्वारा दो घंटे चले परिश्रम के बाद रेस्क्यु ऑपरेशन पूरा हुआ. टीम ने बुजुर्ग व्यक्ति के शव को खोज निकाला शव बरामद होने पर शव वाहन से शव को अस्पताल भेजा गया. कल पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा. जानकारी के अनुसार भोपाल साकेत नगर निवासी 68 वर्षीय प्रमोद कुमार मिश्रा अपने पड़ोसी ओम वर्मा के साथ बुधनी घाट नर्मदा नदी में स्नान करने आए थे. एसडीओपी रवि शर्मा ने बताया कि शनिवार दोपहर को 68 वर्षीय प्रमोद कुमार मिश्रा साकेत नगर निवासी भोपाल नहाने के दौरान गहरे पानी में डूब गए थे जिनकी तलाश में रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया. नदी से उनका शव बरामद किया गया है. शव को अस्पताल पहुंचाया गया. जहां पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा.




## महिला आईटीआई केन्द्र में रोजगार मेला 12 को

**सीहोर.** युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 12 अगस्त को डॉ. अम्बेडकर शासकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में युवा संगम रोजगार-स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन किया जाएगा.मंगलवार को आयोजित होने वाले रोजगार मेले में रोजगार विभाग द्वारा स्थानीय, प्रदेश एवं अन्य राज्यों की कंपनियों को आमंत्रित कर युवाओं को रोजगार प्रदान किया जाएगा. इसी प्रकार जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र विभाग के द्वारा स्वरोजगार विभागों के स्वरोजगार प्राप्त हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा तथा नए प्रकरण तैयार किये जाएंगे. आईटीआई विभाग द्वारा युवाओं का अप्रेंटिसशिप के लिए चयन भी किया जाएगा.

**आयोजन** | जिला मुख्यालय पर विश्व आदिवासी दिवस पर निकाली विशाल रैली

# गरीबी और कुपोषण का दंश झेल रहा है आदिवासी समाज : बारेला

नवभारत न्यूज

**सीहोर.** विश्व आदिवासी दिवस धूमधाम से मनाया गया. कार्यक्रम में हजारों की संख्या में आदिवासी समाज के लोग अपनी पारंपरिक वेशभूषा में नजर आए. हाथों में तीर कमान लिए आदिवासी जयघोष के नारे लगाते हुए पारंपरिक नृत्य पर थिरके.

कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. भीमराव अंबेडकर, टन्ट्या मामा, रानी दुर्गावती, जय विरसा मुण्डा के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया. बाल विहार मैदान में आमसभा का आयोजन करने के पश्चात रैली शुरू की गई. आदिवासी समाज का कुदरती प्राकृतिक रंग पीला झंडा और तिरंगा हाथ में लेकर सांस्कृतिक महारैली बाल विहार मैदान से शुरू हुई जो मुख्य मार्गों से होते हुए भोपाल नाका पहुंची. जहां महारैली का समापन किया गया.

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपसंचालक कृषि प्रहलाद सिंह बारेला ने बताया कि 1994 में संयुक्त राष्ट्र ने 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस के रूप में घोषित किया. इस दिवस का उद्देश्य आदिवासी समाज की संस्कृति, परंपराओं और अधिकारों को प्रोत्साहित करना है. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मप्र आदिवासी वित्त विकास निगम अध्यक्ष श्रीमती निर्मला सुनील बारेला ने कहा कि आदिवासी समाज को अक्सर विकास की प्रक्रिया में नजर अंदाज किया जाता रहा है. आज भी आदिवासी क्षेत्र मूलभूत सुविधाओं से वंचित है. इस दिवस को मनाने का मुख्य कारण आदिवासी समाज को विकास की मुख्यधारा में लाना है. आदिवासी समाज को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक बनाना और उनके संरक्षण के लिए काम करना है.

जय आदिवासी युवा शक्ति जिला अध्यक्ष रवि सोलंकी ने कहा कि आदिकाल से ही आदिवासी भारत भूमि का पहला वारिस था. लेकिन अंग्रेजों के आने के बाद से आदिवासियों के लिए वन कानून बनाकर भूमि बंदोबस्त के नाम पर उनके अधिकारों को सीमित कर दिया गया. आजादी के बाद भी कुटिल अक्षर ज्ञानियों ने भोले भाले आदिवासियों को उनकी ही जमीन को कागजों पर न दिखाकर कर छला है. जिसके कारण आज भी आदिवासी गरीबी, कुपोषण का दंश झेल रहा और मुख्य धारा से वंचित हैं. उन्होंने जल जंगल जमीन,बोली भाषा, संस्कृति, रीति-रिवाज, संवैधानिक अधिकार, शिक्षा स्वास्थ्य, स्वरोजगार, पारंपरिक रूढ़िवादी ग्राम सभा, अनुसूचित क्षेत्र, पैसा कानून, धर्मांतरण, जनगणना, बेरोजगारी, पलायन, समाज के लिए जनप्रतिनिधियों की भूमिका आदि विषयों पर खुलकर वक्तव्य दिया. इस अवसर पर जिले भर से आए हजारों आदिवसियों का विभिन्न संगठनों द्वारा स्वागत किया गया.




## लापता नाबालिग को वृंदावन से किया बरामद

- दो साल से पुलिस नाबालिग की तलाश में जुटी थी
- बालिका का अपहरण करने के आरोपी को भेजा जेल

नवभारत न्यूज

**भैरूंदा.** बीते दो साल पुलिस जिस नाबालिग बालिका की तलाश में रात-दिन एक कर रही थी. आखिरकार उसका सुराग तलाशने में पुलिस को सफलता मिल ही गई.

प्रापत जानकारी के अनुसार पुलिस ने दो साल से गुम नाबालिग बालिका को वृंदावन जिला मथुरा उत्तरप्रदेश से बरामद किया है. वहीं अपहरणकर्ता को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया. जहां से उसे जेल भेजा गया. फरार आरोपी पर पूर्व से ईनाम घोषित था. प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी छतरपुर निवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 7 जनवरी 23 को उसकी 16 वर्षीय बेटी घर से बिना बताए कहीं चली गई. जिसे काफी तलाश लेकिन कहीं कोई पता नहीं लगा. उसे कोई बहला-फुसला कर अपहरण कर ले गया है. पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर नाबालिग की तलाश शुरू कर दी. थाना प्रभारी घनश्याम दांगी द्वारा जांच टीम गठित की गई. जांच के दौरान नाबालिग का अपहरण करने वाले आरोपी को 6 अगस्त को वृंदावन से गिरफ्तार किया गया. पुलिस ने आरोपी जितेन्द्र अहिरवार आ. मुन्नालाल अहिरवार निवासी ग्राम बहेरिया जिला सागर के कब्जे से नाबालिग बालिका को बरामद किया गया. आरोपी जितेन्द्र अहिरवार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया. जहां से उसे जेल भेजा गया. इस कार्यवाही में उप निरी पूजा सिंह राजपूत, धर्मेन्द्र गुर्जर निखिल अहिरवार, प्रीती काजले का सराहनीय योगदान रहा.